संख्या:105/2026/602/35-4-2026/35-4002(003)/70/2026

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सुल्तानपुर।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ; दिनांक: 31 मार्च, 2026

विषय: वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0- 325/त्व.आ.वि.यो./2025-26 दिनांक 14 मार्च, 2026 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत जनपद-सुल्तानपुर में निम्नलिखित तालिका में इंगित कार्यों की रु. 2674.29 लाख (रुपये छब्बीस करोड़ चौहत्तर लाख उनतीस हजार मात्र जी०एस०टी० सहित) की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रु.1341.00 लाख (रूपये तेरह करोड़ इकतालीस लाख मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर निम्नांकित विवरण, शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इन कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था उनके सामने इंगित की गयी है:-

(लाख रू. में)

क्र0	कार्य का नाम	लम्बाई (मी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि	कार्यदायी संस्था
1	ग्राम पंचायत राघवपुर फतेहपुर कुटटा चन्दौर मार्ग से मनमोहन यादव के घर होते हुए बल्दीपुर गाव सम्पर्क मार्ग तक। विकासखण्ड-धनपतगंज	500	33.36	17.00	ग्रा0अभि0वि0
2	ग्राम पंचायत छतौना-तकियवा बजूपुर छतौना सम्पर्क मार्ग से गुफरान अहमद बी0डी0सी0 के घर तक। विकासखण्ड-भदैया	530	31.34	16.00	ग्रा0अभि0वि0
3	ग्राम पंचायत रामपुर कुर्मियान सम्पर्क मार्ग नरेन्द्रपुर से निषाद बस्ती रामपुर कुर्मियान तक। विकासखण्ड-लम्भुआ	510	34.18	17.00	ग्रा0अभि0वि0
4	शाहपुर पश्चिम् पट्टी से पडान बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य। विकासखण्ड- प्रतापपुर कमैचा,	1400	98.66	49.00	ग्रा0अभि0वि0
5	शाहपुर बाजार से खानपुर नहर तक सड़क निर्माण कार्य। विकासखण्ड-प्रतापपुर कमैचा,	1370	81.90	41.00	ग्रा0अभि0वि0
6	कानूपुर टिकरिया से जूनियर हाईस्कूल से होते हुए नोनरा तक सड़क निर्माण कार्य। विकासखण्ड दूबेपुर,	2000	119.22	60.00	ग्रा0अभि0वि0
7	कटावा प्राइमरी स्कूल से मुरली नगर कटावां सम्पर्क मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य। । विकासखण्ड दूबेपुर,	600	34.10	17.00	ग्रा0अभि0वि0
8	टिकरिया कानूपुर खण्डजा से देहली मुबारकपुर से नोनरा खण्डजा तक मार्ग का निर्माण कार्य। विकासखण्ड दूबेपुर,	600	33.41	17.00	ग्रा0अभि0वि0
9	विकासखण्ड-धनपतगंज में भटवारा बार्डर से मझौवा तक लेपन कार्य।	1450	93.12	47.00	ग्रा0अभि0वि0
10	अलवरकीरी करवत ढ़ढवा में बशीर के घर से राम बसन्त कोटेदार के घर तक इण्टरलाकिंग/सी0सी0 निर्माण कार्य। विकासखण्ड-कूरेभार	510	30.19	15.00	ग्रा0अभि0वि0
11	विकास खण्ड धनपतगंज में हलियापुर बेलवाई मार्ग पर लोहंगी खरकहिया मेनरोड से शिव मन्दिर तक इण्टरलाकिंग	500	34.29	17.00	ग्रा0अभि0वि0

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

	सड़क का निर्माण कार्य।				
12	कटकाखानपुर में प्राथमिक विद्यालय द्वारिकागंज के सामने से गाना मिश्र का पुरवा तक लेपन कार्य एवं नाली निर्माण कार्य।	1050	81.65	41.00	ग्रा0अभि0वि0
13	विकास खण्ड धनपतगंज के ग्राम रामापुर भटकौली में हनुमान मन्दिर से श्री पप्पू मिश्र के घर तक इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य।	510	36.47	18.00	ग्रा0अभि0वि0
14	तियरी सम्पर्क मार्ग से बलरामऊ गांव तक लेपन सड़क निर्माण कार्य।	550	31.33	16.00	ग्रा0अभि0वि0
15	इमिलिया कला सम्पर्क मार्ग से सेमराघाट निषाद बस्ती तक लेपन कार्य	600	38.19	19.00	ग्रा0अभि0वि0
16	अयोध्या प्रयागराज मार्ग से पांचोपीरन मजार तक सड़क का लेपन कार्य।	500	81.66	41.00	ग्रा0अभि0वि0
17	ग्राम जुड़ैयापुर में श्री अमरीश उपाध्याय के घर से पक्की सड़क तक इण्टरलाकिंग।	500	30.20	15.00	ग्रा0अभि0वि0
18	ग्राम लौहर पश्चिम में श्री रामतेज प्रजापति के घर से पक्की सड़क तक इण्टरलाकिंग।	800	50.40	25.00	ग्रा0अभि0वि0
19	बदल दूबे का पुरवा सम्पर्क मार्ग(वाले डीहा) से खुनका लेपन कार्य।	700	47.59	24.00	ग्रा0अभि0वि0
20	सेवरा गयादत्त के पुरवा से पुल तक लेपन कार्य।	500	29.05	15.00	ग्रा0अभि0वि0
21	देनवा गांव जोली मोड़ से करन कान्वेन्ट स्कूल के आगे तक इण्टरलाकिंग।	500	37.74	19.00	ग्रा0अभि0वि0
22	विकास खण्ड कूरेभार में ग्राम मकदूमपुर बनरहा नहर के बगल से विनोद पाण्डेय के घर से होते हुये कप्तान सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	500	31.21	16.00	ग्रा0अभि0वि0
23	विकास खण्ड दोस्तपुर में ग्राम बनी में पंचायत भवन से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के घर होते हुये प्राथमिक पाठशाला-।। तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	500	28.15	14.00	ग्रा0अभि0वि0
24	विकास खण्ड जयसिंहपुर, दलित बस्ती होते हुए टाण्डा बाँदा हाईवे से इटकोहिया श्री रामचन्द्र नारायण महाविद्यालय गेट नं0 2 तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य ।	500	30.25	15.00	ग्रा0अभि0वि0
25	विकास खण्ड जयसिंहपुर के ग्राम सवई बहवा पुरवा में अनिल मिश्रा के घर के मोड़ से राजन तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	500	28.59	14.00	ग्रा0अभि0वि0
26	वि०ख० मोतिगरपुर महमूदपुर जंगलिया रोड से कन्द्रवारे होते हुए महमूदपुर राजन पाण्डेय के बाग तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य ।	600	37.37	19.00	ग्रा0अभि0वि0
27	वि०ख० जयसिंहपुर ग्राम जासापारा उघड़पुर जासापारा पिच रोडकृष्णा कुमार सिंह के घर होते हुये सन्तोष के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य ।	500	29.98	15.00	ग्रा0अभि0वि0
28	विकास खण्ड दोस्तपुर में ग्राम दानो पट्टी में अंजनी पाण्डेय के घर से नहर की पटरी की ओर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	500	30.25	15.00	ग्रा0अभि0वि0
29	विकास खण्ड जयसिंहपुर में ग्राम मिश्रौली में नहर की पटरी पिच रोड़ से भोला मिश्रा के घर होते हुये सुदामा के चक तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य ।	500	29.87	15.00	ग्रा0अभि0वि0
30	विकास खण्ड दोस्तपुर ग्राम जमालपुर रामधीर पाण्डेय के घर पिच रोड से जजरही डाड़ी चन्द्रभान पाण्डेय के घर तक	500	30.08	15.00	ग्रा0अभि0वि0

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

	इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।				
31	विकास खण्ड जयसिंहपुर के ग्राम रूपिनपुर में गुलाबा देवी के खेत प्रधानमंत्री सड़क से सतीश सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	500	30.96	15.00	ग्रा0अभि0वि0
32	विकास खण्ड कूरेभार टाण्डा बाँदा रोड में से ग्राम डफलपुर में अनिकेत मैरिज लॉन के बगल से कौशल सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य ।	500	29.07	15.00	ग्रा0अभि0वि0
33	विकास खण्ड जयसिंहपुर के ग्राम मौकेडीह में पक्की सड़क से बृजेश मिश्रा के घर होते हुये महमूदपुर नहर की पटरी पिच रोड तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	500	29.07	15.00	ग्रा0अभि0वि0
34	विकास खण्ड दोस्तपुर में ग्राम ब्यासपुर में सर्विस लेन से रामचन्दर उपाध्याय के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य ।	550	33.80	17.00	ग्रा0अभि0वि0
35	विकास खण्ड जयसिंहपुर में ग्राम विरसिंहपुर बगिया गाँव मार्ग से विरसिंहपुर मोतिगरपुर मार्ग तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य ।	500	28.59	14.00	ग्रा0अभि0वि0
36	विकास खण्ड दोस्तपुर में तारन पट्टी संजय तिवारी के घर से सवदिया मोड़ तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य ।	500	31.48	16.00	ग्रा0अभि0वि0
37	विकास खण्ड मोतिगरपुर में सुलतानपुर-कादीपुर रोड में से डींगुरपुर बनकेगाँव बृजेश शुक्ला के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य ।	600	36.20	18.00	ग्रा0अभि0वि0
38	विकासखण्ड-भदैंया के अन्तर्गत ग्राम हनुमानगंज में कौशर अली के घर से मनिकापुर परासिन होते हुए एन0एच0 731 तक इटरलाकिंग कार्य।	955	72.19	36.00	ग्रा0अभि0वि0
39	विकासखण्ड-भदैंया के अन्तर्गत ग्राम चाचपारा में बदरुद्दीनपुर सम्पर्क मार्ग से जय प्रकाश यादव के घर के आगे तक इटरलाकिंग कार्य।	600	43.03	22.00	ग्रा0अभि0वि0
40	विकासखण्ड-भदैंया के अन्तर्गत ग्राम अलीपुर में हरीपुर-भरखरे पक्की सड़क पहलवान वीर बाबा से अभिमन्यु वर्मा के घर तक इटरलाकिंग कार्य।	880	61.47	31.00	ग्रा0अभि0वि0
41	विकासखण्ड-भदैंया के अन्तर्गत ग्राम पत्राटिकरी सम्पर्क मार्ग बदन के घर से महुअरिया जगदीशपुर श्याम ब्रिक फिल्ड के पास नहर तक इटरलाकिंग कार्य।	1430	114.81	57.00	ग्रा0अभि0वि0
42	विकासखण्ड-लम्भुआ के अन्तर्गत ग्राम पिलखनी में पक्की सड़क/मोतीलाल के घर से जूनियर हाईस्कूल तक लेपन कार्य।	1450	98.61	49.00	ग्रा0अभि0वि0
43	विकासखण्ड भदैया के अन्तर्गत ग्राम रामपुर में राजेन्द्र वर्मा के घर से समला वर्मा के घर तक इटरलाकिंग कार्य।	530	36.99	18.00	ग्रा0अभि0वि0
44	विकासखण्ड-प्रतापपुर कमैचा के अन्तर्गत ग्राम घूरीपुर सम्पर्क मार्ग से पीली नदी तक लेपन कार्य।	880	68.73	34.00	ग्रा0अभि0वि0
45	विकासखण्ड अखण्डनगर चिलबली मार्ग के लेपन का कार्य।	1180	89.45	45.00	ग्रा0अभि0वि0
46	विकासखण्ड अखण्डनगर कुम्ही देवरी पिच रोड वर्मा बस्ती से, देवरी अनुसूचित बस्ती तक मार्ग के लेपन का कार्य।	1500	95.01	48.00	ग्रा0अभि0वि0
47	विकासखण्ड अखण्डनगर कुन्दा भैरव नेमपुर पिच रोड से इन्द्रलीत के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	500	27.51	14.00	ग्रा0अभि0वि0
48	विकासखण्ड अखण्डनगर भैरोपुर पोखरा से सरावां अनुसूचित बस्ती मन्दिर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	500	28.89	14.00	ग्रा0अभि0वि0
49	विकासखण्ड अखण्डनगर मेवा नगर चौराहा से गोंविद गौतम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	700	43.73	22.00	ग्रा0अभि0वि0

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

50	विकासखण्ड कादीपुर मालापुर जगदीशपुर चतुरपुर बार्डर से नहर सम्पर्क मार्ग इण्टरलाकिंग कार्य।	500	30.88	15.00	ग्रा0अभि0वि0
51	विकासखण्ड करौंदीकला बांगरकला सुरजनपुर सम्पर्क मार्ग से हरिराम प्रजापति के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	550	29.79	15.00	ग्रा0अभि0वि0
52	विकासखण्ड करौंदीकला भटौता तुलसीपट्टी खाले का पुरवा दांती से निषाद बस्ती के आगे तक इण्टरलाकिंग कार्य।	600	31.66	16.00	ग्रा0अभि0वि0
53	विकासखण्ड करौंदीकला समुदा जू0हा0 स्कूल से समुदा के सामने अनुसूचित बस्ती के आगे तक इण्टरलाकिंग कार्य।	500	31.66	16.00	ग्रा0अभि0वि0
54	विकासखण्ड करौंदीकला से हिन्दआबाद साई मन्दिर से स्थलवा पुरवा होते हुए पहाड़पुर कल तक इण्टरलाकिंग कार्य।	600	31.66	16.00	ग्रा0अभि0वि0
55	विकासखण्ड करौंदीकला ग्रामसभा करौंदीकला में कम्मरपुर मार्ग से सुभाष तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	500	27.09	14.00	ग्रा0अभि0वि0
56	विकासखण्ड कादीपुर पहाड़पुर वैश्य प्रा0 विद्यालय से राधेश्याम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य।	600	29.22	15.00	ग्रा0अभि0वि0
57	ग्राम पंचायत उघरपुर में पीएमजीएसवाई रोड के पास राधे कृष्ण मन्दिर के बगल से सी0सी0 रोड तक इण्टरलाकिंग रोड एवं अवश्यकतानुसार नाली निर्माण कार्य। विकासखण्ड-दूबेपुर	550	39.07	20.00	ग्रा0अभि0वि0
58	ग्राम पंचायत देवलपुर द्वितीय बटवा सम्पर्क मार्ग से लंगडी (देवलपुर द्वितीय सम्पर्क मार्ग तक) इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। विकासखण्ड-कुड़वार	550	30.04	15.00	ग्रा0अभि0वि0
59	ग्राम पंचायत इसौली रामलीला ग्राउन्ड से हिन्दू मुस्लिम दलित बस्ती होते हुए शाही किला तक इण्टरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। विकासखण्ड-बल्दीराय	550	29.83	15.00	ग्रा0अभि0वि0
	योग:	**41035**	**2674.29**	**1341.00**	

1. स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके निमित्त स्वीकृत की गयी है तथा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा एवं व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।
2. प्रदेश की राजकीय कार्यदायी संस्थाओं को सैंटेज चार्ज वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-7/10-2023-17(4)/75 दिनांक 17 मार्च, 2023 के अनुसार देय होगा। योजनान्तर्गत कंटीजेंसी अनुमन्य नहीं है।
3. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस हेतु राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना/योजना के अंतर्गत अनुमोदित कार्य योजना में सम्मिलित है।
4. निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्थलीय निरीक्षण के उपरांत वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार विस्तृत आगणन तैयार करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी। सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही निर्माण प्रारम्भ कराया जायेगा।
5. वित्त विभाग के शासनादेश सं0- 10/2021/बी-2-96/दस-2021-10/99 दिनाँक 22 मार्च, 2021 के अनुसार प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के उपरान्त तकनीकी स्वीकृति की लागत 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो रही है, तो प्रायोजना का पुनरीक्षण आगणन का गठन करते हुए 3 माह के भीतर पुनरीक्षित आगणन पर अनुमोदन प्राप्त किया जाये।
6. वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-60/दस- 2023- 17 (4)/75, दिनांक 17 मई, 2023 के अनुसार परियोजना की वित्तीय स्वीकृति व प्रथम किश्त मूल्यांकित लागत पर जारी की जाये, किन्तु द्वितीय किश्त जारी करने से पूर्व परियोजना की लागत को निविदा में प्राप्त मूल्य (टेण्डर कॉस्ट) के अनुसार विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए पुनरीक्षित करा लिया जाये। परियोजना की अनुवर्ती किश्तें पुनरीक्षित लागत के आधार पर ही जारी की जायें ताकि कार्यदायी संस्था को कार्य की वास्तविक लागत से अधिक धनराशि अवमुक्त न हो सके।
7. समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

8. प्रायोजनान्तर्गत 18 प्रतिशत की दर से जी0एस0टी0 की धनराशि सम्मिलित है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान सुनिश्चित कराया जाय। प्रायोजना के निर्माण कार्यों में वास्तविक खपत (CONSUMED) हुई मुख्य सामग्री (सीमेन्ट / स्टील / ग्रिट/मोरम इत्यादि) की मात्राओं का अनुपातिक मानक मिलान करते हुए जी0एस0टी0 का भुगतान किया जाये। जी०एस०टी० के सम्बन्ध में वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8 के शासनादेश सं0-2/2022/ई-8-202/दस-2022, दिनांक 13 सितम्बर, 2022 में निहित व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।
9. परियोजना की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना हेतु जनपद स्तर पर कार्यकारी आदेश निर्गत करने जिसे पूर्व जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना / कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
10. कार्य का निर्माण, लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में ही पूर्ण कर लिया जाये तथा भविष्य में प्रायोजना का कोई पुनरीक्षण स्वीकार नहीं होगा। कार्य के लागत आगणन में किसी भी प्रकार का कोई भी परिवर्तन जैसे मार्ग की लम्बाई/चौड़ाई में परिवर्तन, प्रस्तावित क्रस्ट डिजाइन में संशोधन, स्वीकृत प्रायोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि व्यय वित्त समिति का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।
11. कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा सी०एम०आई०एस० पोर्टल पर जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से की जायेगी। व्यय/प्रगति सम्बंधी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी का होगा और उनके द्वारा स्वीकृत कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति का विवरण नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
12. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्रावधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
13. त्वरित आर्थिक विकास योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्तों से संबंधित शासनादेश संख्या-29/2018/1084/35-4-2018 दिनांक 24 सितम्बर, 2018 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
14. प्रश्नगत निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन के अनुसार किये जायेंगे।
15. ई-टेण्डरिंग/ई-प्रोक्योरमेण्ट प्रणाली लागू किये जाने से सम्बन्धित शासनादेश संख्या-1067/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 तथा शासनादेश संख्या-1107/78-2-2017-42आईटी /2017 दिनांक 12 मई, 2017 एवं तदविषयक शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
16. परियोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212 (vii) में दिये गये निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनश्चित किया जायेगा।
17. जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृत आगणन के अनुसार उक्त कार्य हेतु अधिकृत कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश प्रदान किया जायेगा तथा कार्यकारी आदेश के साथ स्वीकृत आगणन की एक प्रति संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।
18. अपेक्षित औपचारिकतायें पूर्ण कर जिलाधिकारी द्वारा कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।
19. परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया/राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही रखा जाय और यदि धनराशि पर कोई ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया जाय।
20. स्वीकृत की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।
21. स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2026 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे 31 मार्च, 2026 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव नियोजन अनुभाग-4 को 31 मार्च, 2026 तक प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
22. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून, 2026 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

23. कार्य स्थल पर त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ मुख्य विवरण शिला पट्टिका/बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेंगे।
24. जिलाधिकारी द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य भी सुनिश्चित कराया जायेगा और इसके लिए कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय किया जायेगा। कार्य को निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था उसके लिये उत्तरदायी होगी।
25. कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री/उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अंतर्गत किया जायेगा।
26. यथावश्यक द्विरावृत्ति से बचने के लिए कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के पश्चात वीडियोग्राफी भी करायी जाय।
27. अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
28. कार्य से सृजित होने वाली परिसम्पत्तियों का हस्तांतरण कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की समाप्ति के पश्चात नियमानुसार सम्बंधित प्रशासकीय विभाग को किया जायेगा। संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा सृजित परिसम्पत्ति के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु त्वरित आर्थिक विकास योजना से धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।
29. वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-60/दस- 2023- 17(4)/75, दिनांक 17 मई, 2023 के अनुसार परियोजना की द्वितीय किश्त हेतु निविदा में प्राप्त मूल्य (टेण्डर कॉस्ट) के अनुसार विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए जनपद/कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की वास्तविक लागत के अनुसार मांग की जायेगी। यदि निविदा के बाद कार्यों की लागत में कमी आती है तो बचत की धनराशि को सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत राजकोष में जमा किया जायेगा।
30. प्रस्ताव का परीक्षण लागत आगणन में प्रस्तावित कार्य प्रावधानों को यथावत् मानते हुए किया गया है। मार्ग निर्माण की लम्बाई/चौड़ाई में परिवर्तन, प्रस्तावित क्रस्ट डिजाइन में संशोधन, स्वीकृत प्रायोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा। प्रशासकीय विभाग द्वारा इस आशय का उल्लेख सम्बन्धित स्वीकृति आदेश में सम्मिलित किया जायेगा।
31. प्रश्नगत कार्य के लिये नियमानुसार लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि उक्त धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।
32. नियोजन विभाग के शासनादेश संख्या: 60/2025/440/35-4-2025/35-4099/184/2023 (पार्ट-1) दिनांक 22 अप्रैल, 2025 में निहित व्यवस्था के अंतर्गत सीएमआईएस पोर्टल पर जियोटैगिंग के साथ पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर प्रदर्शित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रू. 1341.00 लाख (रूपये तेरह करोड़ इकतालीस लाख मात्र) को वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-40 लेखाशीर्षक-**5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़के-337-सड़क निर्माण कार्य-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-0301-ग्रामीण क्षेत्रों में नयी सड़कों के लिये एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहद निर्माण** कार्य कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तंर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राजेन्द्र प्रसाद)
संयुक्त सचिव।

संख्या:105/2026/602(1)/35-4-2025/ 35-4002(003)/70/2026 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

5- प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, अयोध्या मंडल ।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लखनऊ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, सुल्तानपुर।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, सुल्तानपुर।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- सम्बन्धित संयुक्त निदेशक, स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन,नियोजन विभाग।
13- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सुल्तानपुर।
14- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सुल्तानपुर।
15- गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(राजेन्द्र प्रसाद)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।